### मौसम के अचानक बदलने से अब दिन में तेज गर्मी का होने लगा अहसास

# चैत्र माह में ही जेठ सी गर्मी का अहसास, रबी फसलों पर खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मौसम में बदलाव के चलते इस साल मार्च के महीने में ही चिलचिलाती धूप झुलसाने लगी है। सुबह धूप निकलने के बाद 10 बजे तक धूप असहनीय होने लगती है। दोपहर होते होते जेठ माह की चुभन भरी गर्मी का अहसास होने लगता है। मार्च के शुरुआती दिनों में ही सामान्य से अधिक गर्मी दर्ज की जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार मौसम के अचानक से करवट लेने के चलते रबी फसलों को नुकसान की आशंका बनी हुई है।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार गेहूं की फसल के लिए यह समय दाना भरने का होता है, जिसके लिए ठंडे मौसम की जरूरत होती है। अचानक तापमान बढ़ने से दाना पतला और छोटा रह जाता है जिससे उपज में 10-25% तक कमी आने की आशंका है। भीषण गर्मी के कारण गेहूं की फसल समय से पहले ही पक रही है, जिससे दाने के विकास का समय कम हो गया है। सरसों और चने की फसल पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे उत्पादन घटने की संभावना है। रबी सीजन में देर से बोई गई गेहूं की फसल इस असामान्य गर्मी से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही है।

मौसम विभाग और विशेषज्ञों के आंकलन के अनुसार 15 मार्च के बाद तापमान 35°C से 40°C तक जा सकता है, जो मुख्य रबी फसलों के लिए स्थिति को अधिक चुनौतीपूर्ण बना देगा।

विशेषज्ञों ने का सुझाव है कि फसलों में नमी बनाए रखने के लिए हल्की और नियमित सिंचाई का उपयोग करें। मौसम की सही जानकारी के लिए स्थानीय कृषि विभाग के साथ संपर्क में रहें।

#### देशी फ्रिज की बढ़ने लगी मांग

तेज गर्मी होने के साथ ही शीतल जल के लिये देशी फ्रिज यानी कि मटकों की मांग भी तेज हो गई है। शहर के चांडक चौक में बिक्री के लिये कुंभकार मटको की खेप लेकर पहुंच चुके हैं। मटको की कीमत भी इस साल बीते साल की अपेक्षा अधिक है। 100 रूपये से लेकर 200 से 300 रूपये कीमत वाले मटके भी मिल रहे हैं। कुछ मटकों में नल की सुविधा मुहैया कराई गई है। सुराही की भी अच्छी मांग देखी जा रही है।

#### शीतल पेयों एवं टोपियों की बिक्री

चुभन भरी धूप से बचने के लिए लोग अब गमछे या टोपी लगाकर निकलने के लिए मजबूर हो रहे हैं। दोपहर के समय गर्म हवायें मानो झुलसाने लगती है। गर्मी से राहत पाने के लिए शीतल पेयों की मांग भी बढ़ गई है। जगह जगह गन्ने के रस के ठेले लग गये हैं। जूस दुकानों में भी भीड़ बढ़ने लगी है।

#### सावधानी बरतने की आवश्यकता

मौसम में दिन के समय भले ही तेज गर्मी का अहसास बना हुआ है लेकिन अभी सुबह एवं रात के समय हल्की ठंडक महसूस हो रही है। मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। गर्मी से राहत के लिए कूलर पंखे भी चलने लगे हैं। खान पान में सावधानी बरतने की जरूरत है।

## खबर संक्षेप

### सहायक यंत्री को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**कटनी।** समय-सीमा की बीते सोमवार को आयोजित बैठक में बिना अनुमति एवं पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने गृह निर्माण मंडल की सहायक यंत्री ज्योति गर्ग को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। प्रत्येक सोमवार को शासन के निर्देशानुसार समय-सीमा बैठक में महत्वपूर्ण योजनाओं तथा विभागीय कार्यों, सी.एम. हेल्पलाईन एवं टी.एल. अंकित पत्रों पर समीक्षा की जाती है। कलेक्टर श्री तिवारी ने सहायक यंत्री ज्योति गर्ग को जारी कारण बताओ सूचना पत्र में उल्लेखित किया है कि विभागीय कार्यदायित्व के कियान्वयन हेतु समय-सीमा की बैठकों में नियमित उपस्थित होना आपका दायित्व है, परंतु सोमवार 2 मार्च को आयोजित समय-सीमा की बैठक में आप बिना अनुमति एवं सूचना के बैठक में अनुपस्थित पाये गये। आपका यह कृत्य निर्देशों की अवहेलना तथा पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में उदासीनता, एवं शासन के कार्यों के प्रति लापरवाही परिलक्षित करता है, जो लोकसेवक पद के अपेक्षित आचरण के विपरीत होकर म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 का उल्लंघन है। इस हेतु क्यों न आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावे। उक्त के संबंध में 7 दिवस में अपना जवाब प्रस्तुत करें, नियत अवधि में संतोषप्रद जवाब प्राप्त न होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

### तिलक कॉलेज में खेल-दौड़ स्पर्धा 9 मार्च को

**कटनी।** मेरा युवा भारत कटनी के तत्वावधान में एवं जिला खेल एवं युवक कल्याण विभाग कटनी, खेलो इंडिया सेंटर कटनी एवं एथलेटिक्स एसोसिएशन कटनी के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अस्मिता (अचीविंग स्पोर्ट्स माइलस्टोन बाई इन्सपाइरिंग वूमन थ्रू एक्शन) पहल के अंतर्गत व्यापक खेल-दौड़ स्पर्धा का आयोजन 9 मार्च को प्रातः 8 बजे से शासकीय तिलक महाविद्यालय के खेल मैदान में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में सभी उम्र की बालिकाओं, महिलाओं, युवतियों हेतु 3 वर्गः 13 वर्ष आयु से कम, 13 से 18 वर्ष, 18 वर्ष आयु से अधिक के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर की 3 प्रकार की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित होगी। सभी आयु वर्ग में सभी दौड़ प्रकार के अंतर्गत प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिला खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र, माई भारत टीशर्ट एवं माई भारत कैप प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता के लिये पंजीकरण अस्मिता पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा एवं आयु सत्यापन अनिवार्य होगा। यह एक वृहद प्रतियोगिता है जो पूर्णतः निःशुल्क है एवं किसी भी आयु वर्ग की महिलाएं इसमें भाग ले सकती हैं। यह आयोजन महिलाओं के सशक्तिकरण, फिटनेस को बढ़ावा, स्वास्थ्य संवर्धन, तथा खेलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। जिला युवा अधिकारी कीर्तिका कुहर एवं अंकिता तिवारी ने ज्यादा से ज्यादा छात्राओं, महिलाओं से इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है।

### महिला दिवस पर 8 मार्च को आयोजित होगी ग्राम सभाएं

**कटनी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को जिले भर में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर द्वारा जारी निर्देशों के मुताबिक ग्राम सभाओं का आयोजन जिले के प्रत्येक ग्राम में पूर्व से नियुक्त नोडल अधिकारियों के माध्यम से जारी एजेंडा के अनुसार कराया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ ने समस्त अनुभागीय अधिकारी (राजस्व), जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबंधित नोडल अधिकारी एवं ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव को ग्राम सभाओं के आयोजन में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है।

## कटनी, ढीमरखेड़ा और रीठी में 9 मार्च को लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर संकल्प से समाधान अभियान के तहत सोमवार 9 मार्च को कटनी एम कॉर्पोरेशन, ढीमरखेड़ा, विकासखंड कटनी और रीठी में शिविर का आयोजन किया गया है। इन शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर पात्रों को शासकीय योजना एवं कार्यक्रमों में लाभान्वित कराया जाएगा। जारी शिविर कार्यक्रम के अनुसार सोमवार 9 मार्च को कटनी एम कार्पोरेशन में वार्ड नं 30 सीएलपी वार्ड, वार्ड नं 31 राम निवास सिंह वार्ड, वार्ड नं 32 कावस जी वार्ड, वार्ड नं 33 फारेस्टर वार्ड, वार्ड नं 34 रामकृष्ण परमहंस वार्ड, वार्ड नं 36 डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड, वार्ड नं 37 विवेकानंद वार्ड के लोगों के लिए जोन क्रमांक 05, खेरमाई सामुदायिक भवन, लखेरा में शिविर का आयोजन किया गया है।

इसी प्रकार विकासखंड ढीमरखेड़ा में ग्राम कचनारी, खम्हरिया, गौरा, नेगई, पाली और सिलौड़ी के लोगों के लिए ग्राम पंचायत सिलौंडी में शिविर का आयोजन किया गया है। इसी दिन विकासखंड कटनी में ग्राम कनहवारा, खमतरा, जोबा, जोबीकलां, धित्वरा, पुछी, पिलौंजी, बिस्तरा, मतवार और पड़रिया के लोगों के लिए कन्हवारा में शिविर का आयोजन किया गया है। वहीं विकासखंड रीठी में ग्राम खम्हरिया, जमुनिया, देवगांव, पटोहा, बसुधा, सुगवां, सैदा, सिमरा, सिमराकला, हथकुरी, हरद्वार ग्राम के लोगों के लिए पंचायत भवन प्रांगण देवगांव में शिविर का आयोजन किया गया है। मंगलवार 10 मार्च को विकासखंड विजयराघवगढ़ में ग्राम कल्हरा, खजुरा, खलवारा, गुड़गुडौंहा, गुडेहा, गौरहा, झिरिया, देवरी मझगवॉं, नन्हवाराकलॉं, बजारी और बडारी के लोगों के लिए ग्राम पंचायत बंजारी में शिविर का आयोजन किया गया है।

### अवकाश दिनों में खुलेंगे निगम एवं जोन कार्यालय के काउंटर

**कटनी।** निगमायुक्त ने नागरिकों को निगम के बकाया करों को जमा करने की अधिक सुविधा उपलब्ध कराने तथा बकाया राजस्व प्राप्ति को ध्यान में रखते हुए माह मार्च में सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी निगम कार्यालय सहित समस्त जोन कार्यालय के कैश काउंटर खुले रखने के निर्देश दिए है।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक 9 मार्च को

**कटनी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में 9 मार्च को 3.30 बजे से आयोजित होगी। सुश्री कौर द्वारा बैठक में योजना विभाग,पंचायत (निर्माण),15वां वित्त,मनरेगा, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम (एमडीएम) /शिकायत शाखा, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन,प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण की समीक्षा की जाएगी। आयोजित बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री, संभाग कटनी, समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, जिला पंचायत के समस्त शाखा प्रभारी सहायक यंत्री,उपयंत्री, एपीओ / एएओ मनरेगा, को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी सहित नियत समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## जल जीवन मिशन परियोजनाओं का किया संयुक्त निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शुक्रवार को एसडीएम निधि गोहल एवं जनपद पंचायत ढीमरखेडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी युजवेंद्र कोरी द्वारा द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत बांध और सागौना में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं एवं कार्यों का औचक निरीक्षण किया। अवगत होवे कि कलेक्टर आशीष तिवारी एवं जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने ग्रीष्म काल में नागरिकों को पर्याप्त शुद्ध पेयजल की उपलब्धता कराए जाने हेतु जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं परियोजनाओं की सतत निगरानी और निरीक्षण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

निरीक्षण के दौरान पीएचई विभाग द्वारा हस्तांतरण हेतु प्रस्तावित ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यों में कमियां पाई गयी। ग्राम पंचायत बांध का सम्पवेल एवं पानी की टंकी में लीकेज पाये गये। टंकी की सुरक्षा हेतु बाउंड्री नहीं बनाई गयी। कुछ घरों में जल सप्लाई नहीं हो पा रही है। तथा नलों में टोंटी स्टेंडपोस्ट नहीं पाए गये। वहीं ग्राम पंचायत सगोना के ग्राम हरई में भी संपवेल लीकेज पाया गया। नलों में टोंटी स्टेंड पोस्ट नहीं पाये गये । चैम्बर में ढक्कन नहीं लगाए जाना पाया। एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि गोहल एवं जनपद पंचायत के सीईओ श्री कोरी द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को जल जीवन मिशन परियोजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित करने के पूर्व आवश्यक सुधार किए जाने के निर्देश दिए।

### स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन 10 मार्च को

**कटनी।** नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित अग्रिम पंक्ति के सफाई मित्रों की सेहत का ध्यान रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा मंगलवार 10 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे से नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभाकक्ष में विशाल स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि शिविर में जिला चिकित्सालय के मेडिकल विशेषज्ञ, सर्जिकल विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ द्वारा नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाइयां भी प्रदान किया जाएगा।

इस दौरान रक्तचाप, शुगर सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शिविर का उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा समय पर स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा प्रदान करना है। निगम प्रशासन द्वारा सभी अधिकारी-कर्मचारियों से शिविर में उपस्थित होकर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ लेने की अपील की गई है।

## जनगणना की तैयारियां शुरू, 1 मई से शुरू होगा मकानों का सूचीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनगणना 2027 की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जनगणना कार्य निदेशालय मध्यप्रदेश द्वारा जारी निर्देश के अनुसार राज्य में प्रथम चरण- मकान सूचीकरण का कार्य 1 मई से 30 मई की अवधि मकान सूचीकरण का कार्य संपादित किया जाएगा। इस संबंध में विभिन्न गतिविधियों व क्रियाकलापों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु आधिकारिक कैलेंडर जारी किया गया है। साथ ही अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं।

जारी कैलेंडर के अनुसार जिलाअधिकारियों, चार्ज अधिकारियों, जनगणना लिपिक और तकनीकी सहायकों को 13 मार्च तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। जबकि सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के नाम 9 मार्च तक अपलोड किये जाएंगे। वहीं मकान सूचीकरण ब्लॉक गठन करना एवं एचएलबीसी वेब मैपिंग एप्लीकेशन पर इन मकान सूचीकरण ब्लॉक को 15 मार्च तक चिन्हित किया जाएगा।

इसी प्रकार मास्टर ट्रेनर्स का चार दिवसीय प्रशिक्षण 16 मार्च से 19 मार्च तक एवं 17 मार्च से 20 मार्च तक आवासीय मोड में भोपाल में आयोजित किया जाएगा। वहीं फील्ड ट्रेनर्स का 3 दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण 25 मार्च से 4 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। जबकि सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण चार्ज स्तर पर 25 मार्च से 4 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक टीएल बैठक में जनगणना 2027 की तैयारी संबंधी चर्चा साप्ताहिक आधार पर की जाएगी। वहीं प्रतिमाह जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।

मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की स्व-गणना 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक की जाएगी। जबकि मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का फील्ड कार्य 1 मई से 30 मई तक किया जाएगा। मकान सूचीकरण का फील्ड कार्य पूर्ण होने के उपरांत नजरी नक्शा और अन्य सामग्री प्रगणक एवं पर्यवेक्षक द्वारा चार्ज अधिकारी के पास 1 जून से 3 जून तक जमा करवाना होगा।

*एपस्टीन फाइल में मंत्री का नाम सामने आने पर सियासी हलचल*

## महिला कांग्रेस ने जताया विरोध, ज्ञापन सौंपकर मंत्री से इस्तीफा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



एपस्टीन फाइल में कथित रूप से केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह का नाम सामने आने के बाद देशभर में राजनीतिक प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं। शुक्रवार को कटनी में महिला कांग्रेस ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा और मंत्री से तत्काल इस्तीफा लेने तथा कठोर कार्रवाई की मांग की।

यह प्रदर्शन शहर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव रजनी वर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें महिला कांग्रेस, कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी, पार्षदगण, सेवादल, NSUI, यूथ कांग्रेस और विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। ज्ञापन में कहा गया कि हाल ही में सामने आए दस्तावेजों में अमेरिकी फाइनेंसर और दोषी बाल यौन अपराधी Jeffrey Epstein से जुड़े मामलों की जानकारी सामने आई है, जिनमें कई प्रभावशाली व्यक्तियों के नामों का उल्लेख किया गया है। ऐसे गंभीर आरोपों के बीच किसी केंद्रीय मंत्री का नाम सामने आना अत्यंत चिंताजनक और लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताया गया।

रजनी वर्मा ने कहा कि यदि किसी जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति का नाम इस प्रकार के गंभीर और अमानवीय अपराधों से जुड़ता है तो यह पूरे देश की छवि को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे प्रतिनिधियों से समाज आदर्श आचरण की अपेक्षा करता है, ऐसे में नैतिकता के आधार पर केंद्रीय मंत्री को तुरंत अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। महिला कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से यह भी कहा कि समाज में महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। यदि इस तरह के अपराधों से जुड़े मामलों में कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो यह समाज में गलत संदेश देगा।

इस दौरान जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला सहित मंजू निषाद, आदिता वर्मा, शोभा मंगलानी, गीता निषाद, सुमन रजक, मंजू रजक आदि मौजूद रहीं।

### उद्यानिकी और औषधीय फसलों से किसान की आय में वृद्धि

## एकीकृत कृषि प्रणाली से खेती को बनाया 'मुनाफे का धंधा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



अक्सर कहा जाता है कि खेती अब घाटे का सौदा है, लेकिन स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम तेवरी के प्रगतिशील किसान पुरुषोत्तम ठाकुर ने इस धारणा को गलत साबित कर दिया है। शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर उन्होंने अपनी 25 एकड़ भूमि पर आधुनिक तकनीक, उद्यानिकी और पशुपालन का ऐसा समन्वित मॉडल विकसित किया है, जो आज क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गया है।

सिंचाई की समस्या के समाधान के लिए पुरुषोत्तम ने वर्ष 2020 में मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना के तहत 3 एचपी का सोलर पंप स्थापित किया। योजना में 90 प्रतिशत अनुदान मिलने से उन्हें केवल 36 हजार रुपये का निवेश करना पड़ा। अब उनकी खेती बिजली कटौती और डीजल खर्च से पूरी तरह मुक्त हो चुकी है, जिससे लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि हुई है। पुरुषोत्तम ने पारंपरिक खेती के साथ उद्यानिकी को जोड़ा। उनके खेत में 10 किस्मों के लगभग 250-300 आम के पौधे तथा 100 से अधिक आंवला के पौधे लगे हैं। साथ ही, आत्मा विभाग के मार्गदर्शन में उन्होंने अश्वगंधा और चिया जैसी उच्च मांग वाली औषधीय फसलों की खेती शुरू की है। कम लागत और बेहतर बाजार मूल्य के कारण इन फसलों से उन्हें अतिरिक्त मुनाफा प्राप्त हो रहा है।

खेती के साथ पशुपालन को जोड़ते हुए पुरुषोत्तम ने 10 दुधारू मुर्रा भैंसों का पालन किया है। उन्नत नस्ल की इन भैंसों से प्राप्त दूध उनकी दैनिक आय का मजबूत स्त्रोत है। साथ ही, गोबर से जैविक खाद तैयार कर वे अपनी फसलों की उर्वरता भी बढ़ा रहे हैं, जिससे रासायनिक खाद पर निर्भरता कम हुई है। भूमि का बेहतर उपयोग करने के लिए उन्होंने इंटर-क्रॉपिंग (अंतर्वर्ती खेती) अपनाई है। खेतों में सागौन एवं अन्य कीमती पौधे लगाए हैं, जो भविष्य में उन्हें दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेंगे।

पुरुषोत्तम ठाकुर का कहना है कि यदि किसान शासकीय योजनाओं का सही लाभ लें और फसल विविधीकरण के साथ पशुपालन को जोड़ें, तो आय कई गुना बढ़ाई जा सकती है। उनकी यह सफलता कहानी दर्शाती है कि समेकित कृषि प्रणाली अपनाकर खेती को लाभकारी और टिकाऊ व्यवसाय बनाया जा सकता है।

## भूकंप और आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण 9 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल द्वारा प्रदेश में संचालित भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमता संवर्धन कार्यक्रम परियोजना के अंतर्गत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नेतृत्व में जिला स्तर पर 9 मार्च से 13 मार्च तक 'भूकंप आपदा जोखिम प्रबंधन' एवं 'ध्वस्त संरचना, खोज एवं बचाव' विषय पर दो प्रशिक्षणों का आयोजन किया गया है। इसके अंतर्गत कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

#### प्रशिक्षण पर एक नजर

कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार सोमवार 9 मार्च को 10 शासकीय विद्यालय के प्राचार्यों, 5 महाविद्यालयों के प्रोफेसर्स, 10 निजी विद्यालय के प्रतिनिधियों, 5 पुलिस विभाग के प्रतिनिधियों, 5 अस्पतालों के प्रतिनिधियों एवं 15 ग्रामीण एवं शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों को दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक भूकंप आपदा जोखिम प्रबंधन एवं शाम 5 बजे से 6 तक 'ध्वस्त संरचना, खोज एवं बचाव' विषय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी प्रकार मंगलवार 10 मार्च को जिले की समस्त जनपद पंचायतों से 25 सचिवों व पटवारियों को दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक भूकंप आपदा जोखिम प्रबंधन एवं शाम 5 बजे से 6 तक 'ध्वस्त संरचना, खोज एवं बचाव' विषय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। जबकि बुधवार 11 मार्च को जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक भूकंप आपदा जोखिम प्रबंधन एवं शाम 5 बजे से 6 तक 'ध्वस्त संरचना, खोज एवं बचाव' विषय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

वहीं गुरूवार 12 मार्च को वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बीटगार्ड को दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक भूकंप आपदा जोखिम प्रबंधन एवं शाम 5 बजे से 6 तक 'ध्वस्त संरचना, खोज एवं बचाव' विषय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा शुक्रवार 13 मार्च को 10 सेवानिवृत्त सैनिकों, 10 राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों, 10 नेहरू युवा केन्द्र के स्वयं सेवकों, 10 होमगार्डों एवं नागरिक सुरक्षा, 10 रेड क्रॉस, राष्ट्रीय क्रेडिट कोर, स्वयं सेवी संगठन के प्रतिनिधियों को दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक भूकंप आपदा जोखिम प्रबंधन एवं शाम 5 बजे से 6 तक 'ध्वस्त संरचना, खोज एवं बचाव' विषय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### विजयराघवगढ़ में आयुष्मान कार्ड बनाने 9 मार्च से लगेंगे शिविर

**कटनी।** आयुष्मान योजना से अब तक वंचित रह गए पात्र हितग्राहियों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ प्रदान करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर विकासखंड विजयराघवगढ़ के ग्रामों में माइक्रोप्लान के तहत 9 मार्च से 'आयुष्मान पाक्षिक अभियान' के तहत शिविर आयोजित किये जायेंगे। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विजयराघवगढ़ द्वारा आयोजित इन शिविरों में बचे हुये समस्त पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड संयुक्त विभाग की टीम के माध्यम से बनाये जायेंगे। टीम में स्वास्थ्य विभाग से सी.एच.ओ., ए.एन.एम., महिला एवं बाल विकास से आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पंचायत विभाग से सचिव एवं रोजगार सहायक शामिल रहेंगे।

### महिला दिवस 8 मार्च को होंगे विशेष कार्यक्रम

**कटनी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा और न्याय तक उनकी सुलभ पहुँच को सुगम बनाने के लिये "अधिकार, न्याय, कार्यवाही – महिलाओं और बालिकाओं के लिए" थीम पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन स्वर्ण जयंती सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाना तथा समाज में सुरक्षा और सम्मान का वातावरण मजबूत करना है। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर संवाद और जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें घरेलू हिंसा कानून की जानकारी, न्याय चौपाल के माध्यम से कानूनी सहायता के मॉडल, मानसिक स्वास्थ्य और सायबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में सामाजिक संस्थाओं द्वारा अपने अनुभव और सफल पहल साझा की जाएंगी, ताकि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके सशक्तिकरण के लिए प्रभावी मॉडल सामने आ सकें। साथ ही घरेलू कामकाजी महिलाओं द्वारा पॉवर वॉक के माध्यम से आत्मविश्वास, स्वाभिमान और महिला शक्ति का संदेश दिया जाएगा।

### जिला स्तरीय कबड्डी का आयोजन 10 मार्च को, सौपे गये कार्य दायित्व

**कटनी।** पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के हेतु नवाचार के तहत आगामी 10 मार्च सुबह 11 बजे से इण्डोर हॉल, माधव नगर खेल परिसर (अ.ज.जा./अ.जा. पुलिस थाने के पास) में जिला स्तरीय भव्य कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरसिमरनप्रीत कौर ने इस संबंध में विस्तृत आदेश जारी कर अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। जारी आदेश के अनुसार आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिला कार्यक्रम प्रबंधक पंकज कुमार नामदेव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जबकि जिला खेल अधिकारी श्रीमती सुनीता यादव सहायक नोडल होंगी। कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला खेल अधिकारी श्रीमती सुनीता यादव जनपद स्तर पर खिलाड़ियों के चयन की व्यवस्था और खेल परिसर में प्रतियोगिता संपन्न कराएंगी। जबकि आयोजन स्थल पर एम्बुलेंस और प्राथमिक उपचार की जिम्मेदारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर को दी गई है। इसी प्रकार पंचायत समन्वयक अधिकारी जी.एस. किसपोट्टा और जिला समन्वयक कमल सिंह ठाकुर अतिथियों के आमंत्रण व बैठक व्यवस्था देखेंगे, जबकि कार्यक्रम स्थल पर स्टेज, कुर्सी, माईक, साउंड, बैठक, अतिथियों को स्वल्पाहार एवं खिलाड़ियों के भोजन आदि की व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला समन्वयक कमलेश सैनी को दी गई है। कार्यक्रम स्थल पर खिलाड़ियों को लाने-ले जाने की जिम्मेदारी समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दी गई है, जबकि मंच संचालन की जिम्मेदारी व्याख्याता श्रीमती चित्रा प्रभात एवं ब्लॉक समन्वयक जग्गी प्रसाद पटेल को दी गई है।

### निगमायुक्त ने कहा बड़े बकायेदारों पर करें कुर्की एवं नल विच्छेदन की कार्यवाही

# सख्त हिदायत : लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं होने पर कार्यवाही के लिये रहे तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



वित्तीय वर्ष समाप्ति में अब केवल 25 दिन शेष हैं। इन अंतिम दिनों में अधिकतम राजस्व संग्रह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड में विशेष कर वसूली अभियान चलाया जाएगा। राजस्व वसूली हेतु गठित निगम की टीमें वर्तमान प्रयासों में तेजी लाते हुए प्रतिदिन बकायेदारों से घर-घर संपर्क कर अधिक से अधिक वसूली सुनिश्चित करें। यह निर्देश निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने शुक्रवार को आयोजित राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए।

#### कम वसूली पर जताई नाराजगी

निगमायुक्त ने डिमांड के विरुद्ध अब तक वसूल की गई राशि की समीक्षा करते हुए 0 से 5 हजार, 5 हजार से 10 हजार, 10 हजार से 25 हजार तथा 25 हजार से 1 लाख रुपये तक के बकायेदारों की सूची का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड में सक्रिय रहकर विशेष रूप से बड़े बकायेदारों से रोजाना संपर्क कर बकाया कर की राशि निगम कोष में जमा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जलकर की अपेक्षाकृत कम वसूली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि वसूली के दौरान जलकर एवं संपत्ति कर की टीमें संयुक्त रूप से पीओएस मशीन के साथ कार्य करें, ताकि नागरिकों को एक ही स्थान पर दोनों कर जमा करने की सुविधा मिल सके।

निगमायुक्त ने कहा कि लगभग सभी वार्डों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। जिन करदाताओं द्वारा रिमाइंडर और नोटिस के बावजूद बकाया कर का भुगतान नहीं किया जा रहा है, उनसे संपर्क करें, इसके बाद भी राशि जमा न करने की स्थिति में संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कुर्की एवं नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही प्रस्तावित की जाए। उन्होंने वसूली कार्य में संलग्न दल को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक वसूली कर्ता को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप बकाया वसूली सुनिश्चित करनी होगी, अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

#### संपदा शाखा, बाजार शाखा एवं ट्रांसपोर्ट नगर की भी समीक्षा

निगमायुक्त ने संपदा शाखा, बाजार शाखा तथा ट्रांसपोर्ट नगर में चल रहे विकास कार्यों और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में संबंधित अधिकारियों को कार्यों की प्रगति की जानकारी देने के निर्देश दिए गए तथा लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया।

निगमायुक्त ने संपदा शाखा से निगम संपत्तियों के प्रबंधन, किराया वसूली तथा रिक्त दुकानों के आवंटन की स्थिति की जानकारी ली और राजस्व बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बाजार शाखा की समीक्षा के दौरान बाजार क्षेत्रों में साफ-सफाई, अतिक्रमण नियंत्रण तथा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने पर जोर दिया गया। ट्रांसपोर्ट नगर के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने अधोसंरचना से जुड़े कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा वहां की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक में राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर प्रसाद पाठक, उप राजस्व अधिकारी सागर नायक, राजस्व निरीक्षक मुकेश राजपूत, प्रकाश पाण्डेय, विनोद सिंह चौहान, राजकुमार प्यासी, लवकुश तिवारी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने हेतु अब 10 मार्च तक होगा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। किसान भाई अब 10 मार्च तक पंजीयन करा सकेंगे। पूर्व में पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च थी। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर कटनी जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए 55 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। कलेक्टर ने किसान भाइयों से निर्धारित समयावधि में पंजीयन कराने का आग्रह किया है। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रूपये अधिक है।

पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है।

पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। इन केन्द्रों पर पंजीयन के लिये शुल्क राशि प्राप्त करने के संबंध में कलेक्टर निर्देश जारी करेंगे। प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क निर्धारित नहीं किया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज़ एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान-पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। पूर्व वर्षों की किसी अपात्र संस्था में केन्द्र प्रभारी एवं ऑपरेटर को किसी अन्य संस्था में पंजीयन के लिए नहीं रखा जायेगा।

किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक का नाम खाता नंबर और आईएफएससी कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी।

### राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## विद्यार्थियों ने कलाकृतियों से सरहद की रक्षा, आंतरिक सुरक्षा को किया जीवंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में प्राचार्य डॉ लवकुश सिंह के निर्देशन में शुक्रवार को 'राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध और डिजिटल सुरक्षा की समझ विकसित करना था। इस अवसर पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी कला के माध्यम से देश की सीमाओं की रक्षा, आंतरिक सुरक्षा और नागरिकों की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों को जीवंत किया। पोस्टर के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक की सजगता से जुड़ी है।इसी क्रम में, वर्तमान समय की चुनौतियों को देखते हुए साइबर सुरक्षा (Cyber Security) पर एक विशेष जागरूकता वीडियो प्रदर्शन भी किया गया। इस सत्र के दौरान निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया:ऑनलाइन धोखाधड़ी और 'फिशिंग' (Phishing) से बचाव के तरीके, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सुरक्षित उपयोग,व्यक्तिगत डेटा की गोपनीयता और मजबूत पासवर्ड का महत्व। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ दिव्या यादव ने अपने संबोधन में कहा, आज के युग में राष्ट्रीय सुरक्षा का दायरा भौतिक सीमाओं से बढ़कर डिजिटल जगत तक फैल चुका है। एक सुरक्षित राष्ट्र के निर्माण के लिए हमें साइबर अपराधों के प्रति जागरूक होना अनिवार्य है।सभी प्रतिभागियों ने एक सुरक्षित और जागरूक भारत बनाने की शपथ ली।यह आयोजन नागरिक कर्तव्यों (Civic Duties) और 'डिजिटल साक्षरता' के प्रति संस्थागत जिम्मेदारी को दर्शाता है, जो आधुनिक समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है।कार्यक्रम के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा समिति की सदस्य डॉ. विमला सिंह और डॉ रचना पांडे की सराहनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम सफलता में महाविद्यालय परिवार का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। सभी की गरिमामयी उपस्थिति ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया और वातावरण को अकादमिक ऊर्जा से भर दिया।

## महिलाओं को आजीविका मिशन से जुड़ने किया प्रेरित



सिलौंडी में विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने आदिवासी बाहुल्य इंदिरा आवास कॉलोनी में होली मिलन कार्यक्रम में पहुंचकर लोगों की समस्या को सुना और उनके समस्या के निराकरण हेतु तुरंत संबंधित अधिकारी को फोन में आवश्यक निर्देश दिया । विधायक ने महिलाओं को आजीविका मिशन से जुड़कर स्वरोजगार शुरू करने हेतु प्रेरित करते हुए आवश्यक जानकारी देकर महिलाओं को अपनी कमाई बढ़ने के तरीके बताए ।साथ ही बच्चों की पढ़ाई लिखाई में विशेष ध्यान देने की अपील किया है । श्री खेरमाता गोटिया मोहल्ले में दर्शन कर फागो में शामिल हुए ।इस दौरान मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, अमरेश राय ,संतोष वंशकार ,सोनू दुबे ,सरपंच सीमा भरत शुक्ला,धीरज जैन ,पंच वीरेंद्र कोल ,धन्नू सेन ,मुस्की महोबिया ,सोनू गौतम ,राजा दहिया सहित लाडली बहनों की मौजूदगी रही ।

## भाइयों को तिलक लगा दीर्घायु होने की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



होली पर्व के दूसरे दिन भाईदूज पर बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर दीर्घायु होने एवं सफलता की कामना की। नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भाई दूज पर्व के अवसर पर बहनों में उल्लास का माहौल दिखा। बहनों ने भाइयों को तिलक रोली लगाकर अपने भाइयों की सुख शांति की कामना कीं। भाई दूज पर्व भाई-बहन के बीच उनके आत्मीय प्रेम एवम पवित्र स्नेह का प्रतीक है। द्वितीया तिथि पर मनाया जाने वाला यह त्योहार होली के उत्सव के पश्चात आता है। भाई दूज त्योहार साल में दो बार मनाया जाता है दिवाली के परीवा के पश्चात दूज को एवम दूसरा होली के परीवा के पश्चात द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। भाई दूज के अवसर पर बहनों ने अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर मीठा खिलाकर ईश्वर से अपने अपने भाइयों की दीर्घायु सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। भाइयों ने अपनी बहनों को उनकी रक्षा का वचन देते हुए उन्हें उपहार प्रदान किये।

इसी तरह स्लीमनाबाद व बहोरीबंद तहसील क्षेत्र में भाईदौज के मौके पर भाईयों को बहनों ने तिलक लगाया और उनकी लंबी उम्र के साथ सफलता की कामना की। बहन-भाई के इस प्रेम और स्नेह को देख भाईयों ने भी जीवन भर साथ निभाने का संकल्प लिया। भोर की पहली किरण के साथ ही भाईयों की प्रतीक्षा का सिलसिला शुरू हो गया था। बहनों ने अपने घर के द्वार पर दोनों ओर गाय के गोबर से दूज बनाकर दूध, भात, रोली और अक्षत से दूज की पूजा की और अपने भाईयों की बाट जोहने लगी।

## सुबह-सुबह जनता के द्वार पहुंची निगम आयुक्त, स्वच्छता के लिये किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर को स्वच्छता के उच्चतम मानकों तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता के तहत निगम प्रशासन द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा रोजाना नगर की सफाई व्यवस्था का प्रातःकालीन निरीक्षण कर सर्वेक्षण के मापदंडों के अनुरूप व्यवस्था बनाए रखने हेतु अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही है।

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने शुक्रवार प्रातः नेहरू वार्ड पहुंचकर वहां किये जा रहे डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान निगमायुक्त ने क्षेत्रीय निवासियों से घर-घर संपर्क कर कचरा कलेक्शन कार्य के संबध में सीधा संवाद भी किया तथा उन्हें स्वच्छता के नियमों की जानकारी दी। निगमायुक्त ने रहवासियों से गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखने तथा कचरा वाहन में अलग-अलग देकर स्वच्छता की इस प्रतियोगिता में सहभागिता का आह्वान किया। निगमायुक्त नें कहा कि हमारा लक्ष्य केवल रैंकिंग तक सीमित न होकर स्वच्छता को जन आंदोलन बनाकर हर नागरिक को स्वच्छता के महायज्ञ का सहभागी बनाना है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत संगवारा**
**जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)**
क्र/निविदा/ ग्रा पं / 2025-26/ दिनाँक-
**निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण**
ग्राम पंचायत संगवारा, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यों के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।
सामग्री विवरण सारणी :- 1. 20 mm & 40mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।
सरपंच श्री सत्य कुमार पटेल — सचिव श्री प्रीतम पटेल



**नाम सुधार सूचना**
मैं, अब्दुल सलाम वल्द स्व. बसीर आयु लग. 63 वर्ष, निवासी- हाउस नं. 12 वार्ड न 14 अहिरान मोहल्ला पंडित- जवाहर लाल नेहरू वार्ड विजयराघवगढ़, तहसील-विजयराघवगढ़, जिला कटनी (म.प्र.)। मैं उपरोक्त वर्णित पते का निवासी हूँ । पूर्व में मेरा नाम अब्दुल सलाम मोहम्मद (Abdul Salam Mohammed ) एवं पिता का नाम बसीर (Bashir) था मेरे उक्त नाम से मेरा पासपोर्ट बना हुआ है जिसका पासपोर्ट नंबर- G2255012 हैं जिसके जारी होने की तारीख 27.03.2007 है एवं पासपोर्ट की समाप्ति की तिथि 26.03.2017 है इस तरह उपरोक्त पासपोर्ट की वैधता समाप्त हो चुकी है । मेरा जन्म दिनांक- 15.01.1963 है , आधार कार्ड क्रमांक- 7903 8088 9858 है । उपरोक्त आधार कार्ड में मेरा नाम अब्दुल सलाम (Abdul Salam ) वल्द बसीर (Basir) दर्ज है जो मुझ शपथकर्ता का वर्तमान में नाम है, इस तरह अब्दुल सलाम मोहम्मद एवं अब्दुल सलाम एक ही व्यक्ति यानि मेरे ही नाम हैं, आगे मुझे मेरे आधार कार्ड में दर्ज नाम अब्दुल सलाम के नाम से जाना जावे । मैने पासपोर्ट हेतु आवेदन किया हूँ जिसका उपयोग हज या उमरा करने के लिये करना चाहता हूँ।
शपथकर्ता


## ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत अब मृत, वृद्ध और दिव्यांग किसानों के वारिसों को भी आसानी से मिलेगा उर्वरक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के किसानों के लिए उर्वरक की प्राप्ति को सुगम बनाने हेतु शासन द्वारा 'ई-विकास' (वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान) प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। अब उन किसान परिवारों को भी खाद मिल सकेगी जहाँ भू-स्वामी की मृत्यु हो चुकी है और भूमि का नामांतरण लंबित है या किसान शारीरिक रूप से केंद्र तक आने में असमर्थ हैं।

ऐसे किसान जिनकी मृत्यु के उपरांत भूमि का नामांतरण नहीं हो पाया है, के संबंध में मृत किसान परिवार के सभी उत्तराधिकारी सदस्यों की सहमति पत्र के आधार पर किसी एक व्यक्ति को नॉमिनी के रूप में मान्य किया जाएगा।इसके लिए नॉमिनी द्वारा उर्वरक हेतु ई-टोकन के लिए निर्धारित पारूप में जानकारी दर्ज करना अनिवार्य होगा।

ऐसे शारीरिक रूप से असक्षम एवं वृध्द किसान, जिनके आधार डाटाबेस में मोबाईल नंबर अपडेट और सत्यापन संभव नहीं है, उनके परिवार के किसी सदस्य द्वारा उन्हे नामिनी के रूप में नियुक्त किया जाएगा। इसके लिए नॉमिनी द्वारा उर्वरक हेतु ई-टोकन के लिए निर्धारित प्रारूप में जानकारी दर्ज करना अनिवार्य होगा। निर्धारित प्रारूपों में जानकारी दर्ज करने के बाद, नॉमिनी किसान द्वारा ई-विकास पोर्टल पर आधार सत्यापन अनिवार्य होगा। नॉमिनी किसान द्वारा ई-विकास पोर्टल पर आधार सत्यापन पश्चात निर्धारित प्रारूप में जानकारी दर्ज करने के उपरांत संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा दर्ज जानकारी का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के बाद ही संबंधित किसान ई-टोकन जनरेट कर सकेगा।

ई-विकास पोर्टल पर जाकर अधिकृत किसान की आधार संख्या दर्ज की जाएगी। आधार सत्यापन के उपरांत अधिकृत कृषक द्वारा टोकन जनरेट किया जाएगा। इस टोकन की वैधता निर्धारित अवधि तक रहेगी। किसान जनरेट किए गए टोकन के साथ संबंधित सहकारी समिति या अधिकृत उर्वरक विक्रेता (समिति) के पास जाएगा। विक्रेता दवारा टोकन का सत्यापन कर उर्वरक वितरण किया जाएगा। उर्वरक वितरण के पश्चात टोकन का उपयोग दर्ज किया जाएगा। उप संचालक कृषि ने जिले के सभी कृषक भाईयों से आग्रह किया है कि जिन भू-स्वामियों की मृत्यु उपरांत भूमि का नामांतरण लंबित है या जो किसान शारीरिक रूप से असक्षम एवं वृध्द है उन कृषको को उर्वरक प्राप्ति हेतु ई-विकास प्रणाली में प्रावधान किया गया है कृषक बताई गई प्रक्रिया का अनुसरण कर ई-टोकन जनरेट कर सकेंगे एवं उर्वरक प्राप्त कर सकते है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सिनगौड़ी**
**जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)**
क्र/निविदा/ ग्रा पं / 2025-26/ दिनाँक-
**निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण**
ग्राम पंचायत सिनगौडी, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यों के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।
सामग्री विवरण सारणी :- 1. 20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।
सरपंच श्री जय प्रकाश निगम — सचिव श्री रामनरेश यादव



**कार्यालय ग्राम पंचायत कलहरा**
**जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)**
क्र/निविदा/ ग्रा पं / 2025-26/ दिनाँक-
**निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण**
ग्राम पंचायत कलहरा, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यों के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।
सामग्री विवरण सारणी :- 1. 20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।
सरपंच श्री राजेश भारती — सचिव श्री सुशील द्विवेदी



**कार्यालय ग्राम पंचायत सलैयाकोहारी**
**जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)**
क्र/निविदा/ ग्रा पं / 2025-26/ दिनाँक-
**निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण**
ग्राम पंचायत सलैयाकोहारी, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यों के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।
सामग्री विवरण सारणी :- 1. 20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।
सरपंच श्रीमती आरती वर्मन — सचिव श्रीमती प्रभा देवी पटेल



**कार्यालय ग्राम पंचायत पडखुरी**
**जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)**
क्र/निविदा/ ग्रा पं / 2025-26/ दिनाँक-
**निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण**
ग्राम पंचायत पडखुरी, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यों के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।
सामग्री विवरण सारणी :- 1. 20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।
सरपंच श्री रंजन ग्रोवर — सचिव श्री गणेश कुशवाहा

## खबर संक्षेप

### जहरीला पदार्थ निगलने से महिला की हालत बिगडी, उपचार जारी

**अमानगंज।** अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम भटवा में आज एक वाईस वर्षीय महिला ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज दाखिल कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार हुआ और चिकित्सक ने उसका इलाज जारी रखा घटना में घायल महिला का नाम श्रीमती गीता पति भूपेंद्र चौधरी उम्र 22 बर्स बताया गया। चिकित्सक के अनुसार उसकी हालत में देर शाम तक पूरी तरह सुधार होगा।

### ढोरोंहा ग्राम में वृद्ध महिला ने घर में लगाई फांसी, क्षेत्र में फैली सनसनी

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढोरोंहा में अज्ञात कारणों के चलते एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला द्वारा अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद गांव में शोक और सनसनी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार ग्राम ढोरोंहा निवासी गोरी बाई पति स्वर्गीय गजइंया पटेल (70 वर्ष) ने अपने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों को घटना की जानकारी लगी तो घर में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मृतका के बेटे गोपाल पटेल द्वारा अमानगंज थाना पहुंचकर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा तैयार किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल महिला द्वारा यह कदम उठाए जाने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों के अनुसार मृतका लंबे समय से गांव में रह रही थीं। अचानक हुई इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

### ग्राम पंचायत रानीपुरा के मखरा ग्राम में वर्षों से खराब सोलर पंप, पानी की किल्लत से जूझ रहे ग्रामीण

**पन्ना।** जनपद पंचायत पन्ना की ग्राम पंचायत रानीपुरा के ग्राम मखरा में पिछले कई वर्षों से सौर ऊर्जा प्लेट खराब पड़ी होने के कारण ग्रामीण गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। तालाब किनारे स्थापित सोलर पंप से सबमर्सिबल मोटर संचालित होती थी, जिससे ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध होता था और तालाब में पानी भरा रहने से पशु-पक्षियों को भी राहत मिलती थी। ग्रामीणों का कहना है कि सोलर प्लेट खराब होने के बाद से व्यवस्था पूरी तरह ठप है। गर्मी के मौसम में हालात और भी विकट हो जाते हैं। महिलाएं दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर हैं, वहीं पशु-पक्षियों के लिए भी पानी की समस्या खड़ी हो गई है।
ग्रामवासियों ने आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार सरपंच और सचिव को अवगत कराया, लेकिन जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। 181 पर भी शिकायत दर्ज कराई गई, फिर भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने पन्ना कलेक्टर से मांग की है कि शीघ्र सोलर पंप की मरम्मत कराई जाए, ताकि गांव में पेयजल व्यवस्था बहाल हो सके और पशु-पक्षियों को भी पानी मिल सके। अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी कब तक चुप्पी साधे रहते हैं या फिर मखरा के ग्रामीणों को राहत दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाते हैं।

### भगवान श्री जुगल किशोर तथा गोविंद जी मंदिर में हुए सखी बेस के दर्शन

**पन्ना।** प्रत्येक वर्ष की बात इस वर्ष भी बुंदेलखंड की आस्था का केंद्र भगवान जुगल किशोर जी मंदिर एवं गोविंद जी मंदिर में तीज के दिन सखी बेस के दर्शन होते हैं जिसमें भगवान कृष्ण कन्हैया को सखियां सखी बनाती हैं तथा उनके साथ होली खेलती हैं यह परंपरा बरसों से चल रही है इस दौरान हजारों की संख्या दर्शन तथा श्रद्धालु रंग गुलाल एक दूसरे को लगाते हैं तथा बड़े ही उत्साह के साथ होली खेलते हुए देखे जाते हैं। मंदिर के पुजारी डब्बू महाराज ने बताया यह परंपरा विगत सैकड़ो वर्षों से चल रही है बुंदेलखंड की आस्था का केंद्र भगवान जी मंदिर है जहां बरसाना वृंदावन की तर्ज पर होली का त्यौहार मनाया जाता है।

मुफ्त में रहकर विभाग को लगा रहे लाखों रुपए का चूना

# उत्कृष्ट विद्यालय की शिक्षक कॉलोनी के आवासों में वर्षों से जमे रिटायर्ड एवं अपात्र शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



प्रदेश में इकलौता हटा नगर का शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय कैसा स्कूल है जहां पर पदस्थ शिक्षकों के लिए आवासीय कॉलोनी बनाई गई है जिससे यहां विद्यालय में पदस्थ शिक्षक विद्यालय के स्वामित्व सरकारी आवासीय क्वार्टरों में रहकर अपनी सेवाएं समय पर दे सकें लेकिन इस कॉलोनी में कई वर्षों से सेवानिवृत्त एवं अपात्र शिक्षक बिना किराए चुकाए कॉलोनी के आवासों में अपना डेरा जमाए हुए हैं जिसे खाली कराने के लिए विद्यालय प्रबंधन भी जहमत नहीं उठा पा रहा है।

दरअसल नगर व क्षेत्र के सबसे बड़े शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मैं पदस्थ शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों के लिए शासन द्वारा स्कूल के समीप ही विद्यालय के अधीन भूमि में शिक्षकों को रहने के लिए विद्यालय के साथ आवासीय कॉलोनी बनाई गई थी जिसमें शिक्षकों की श्रेणी के आधार पर किराया भी निर्धारित किया गया था जिसमें आवासीय नंबर वन के आवासों का किराया 131 रुपए प्रतिमाह एवं अन्य शिक्षकों के लिए 71 रुपए प्रतिमा है वही चौकीदार व्रत के लिए 30 रुपए प्रतिमाह किराया निर्धारित किया गया था ताकि यहां पर कार्यरत शिक्षक व कर्मचारी कम शुल्क में अपने परिवार सहित रहकर स्कूल में समय पर अपनी सेवाएं दे सकें लेकिन शिक्षक कॉलोनी में उत्कृष्ट विद्यालय में पदस्थ 40 शिक्षकों में से सिर्फ तीन शिक्षक ही निवास कर रहे हैं वही इसके अलावा विकासखंड क्षेत्र व दूसरे विकास खंडों में पदस्थ अपात्र शिक्षक अनाधिकृत रूप से अपने मुख्यालय पर न रहकर कॉलोनी में कई वर्षों से डेरा जमाए हुए हैं। जो प्रतिमाह शासन को हजारों रुपए का चूना लगाकर उन्हें मिलने वाला किराया भत्ता भी डकार रहे हैं। उल्लेखनीय है कि शासन के नियमानुसार विद्यालय की आवासीय कालोनी सिर्फ विद्यालय में पदस्थ शिक्षको एवं अन्य कर्मचारियों के लिए संचालित की गई थी लेकिन इस कॉलोनी में आवासों पर इसके विपरीत स्थिति देखनें को मिल रही है जिसमें विगत 10 व 15 वर्षों से स्कूल से स्थानांतरित होने वाले व सेवानिवृत्त होने पर भी रिटायर्ड शिक्षकों के अलावा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी भी आवास में अपना डेरा जमाएं हुए हैं। इसी के साथ कुछ स्थानीय रहवासी शिक्षक जिनके नगर में स्वयं के आवास हैं वह भी शासकीय क्वार्टरों पर डेरा जमाए हुए हैं। इसके बावजूद भी इन कर्मचारियों द्वारा शासन द्वारा निर्धारित इतना कम शुल्क का किराया भी कई वर्षो से जमा नहीं किया गया जिसके चलते स्कूल प्रबंधन को इन शिक्षकों द्वारा लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में पदस्थ 22 शिक्षक अपने मुख्यालय पर न रहकर अनाधिकृत रूप से राजनैतिक रसूख के चलते आवासीय कॉलोनी में अपना हक जमाए हुए बैठ है जो शासन से अपना आवासीय भत्ता भी प्राप्त कर रहे है एवं कॉलोनी के क्वार्टरो में रहकर शासन को हजारो रू की चपत लगा रहे हैं। वही उत्कृष्ट विद्यालय में दूरदराज से पदस्थ शिक्षक नगर में हजारों रुपए देकर किराए के मकानों में रहकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं इसमें गौर करने वाली बात है कि स्कूल के जिम्मेदार प्राचार्य इन सेवानिवृत्त एवं अनाधिकृत से अपात्र शिक्षकों से आवास खाली कराने की जहमत क्यों नहीं उठा पा रहे हैं और ना ही इनसे कई वर्षों से लंबित आवास किराया वसूल करने की कार्यवाही कर रहे हैं यह समझ से परे है।

## संस्कृति राज्यमंत्री ने 48 वाँ जन्मदिन भारतीय संस्कृति के अनुरूप मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नोहटा में अपने निवास पर परिवार सहित प्रबुद्ध जनों के बीच संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी द्वारा अपने 48 वां जन्मदिन पर 49 बड़े दीपक प्रज्ज्वलित कर गायत्री मंत्र की आहुतियों समर्पित करते हुए मनाया गया।

इस अवसर पर दीपयज्ञ का संचालन करते हुए जिला समन्वयक बी पो गर्ग द्वारा बतलाया गया कि हमारी संस्कृति दीपक की लौ की तरह ऊंचा उठना और अंधकार दूर करना सिखाती है। दीपक का बुझाना अशुभ माना जाता है। एडवोकेट पंकज हर्ष श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी आध्यात्मिक प्रगति जानने के लिए उसका जन्मदिन एक सर्वश्रेष्ठ दिन होता है। जिस प्रकार सरकारी साल वित्तवर्ष पर सरकारी विभाग अपनी आय व्यय का लेखा 31 मार्च को देखते है, व्यापारी पहले दीपावली पर अपने बहीखातो से अपनी प्रगति का अवलोकन करते है, उसी प्रकार हमें भी अपने जन्मदिन पर यह आकलन करना चाहिए कि पिछले एक वर्ष में हमसे क्या बुरा हुआ और क्या अच्छा हुआ। और आने वाले वर्ष में अच्छे कार्यों की मात्रा बढ़ाने का संकल्प लेना ही जन्मदिन मनाने का वास्तविक अर्थ है। पूरे परिसर में 1100 दीपक जला कर उपस्थित परिवारजनों, परिजनों ने द्वीपयज्ञ में अपनी सहभागिता निभाई।

राज्यमंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी द्वारा आभार प्रकट करते हुए कहा कि मैने वर्ष 1995 में जबलपुर अश्वमेध यज्ञ में गायत्री मंत्र की दीक्षा ली और तभी से दीक्षा के नियमों का यथा संभव पालन करता आ रहा हूं।

## पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाने हेतु कार्यशाला आयोजित



**दमोह।** स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दमोह में पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) द्वारा प्रायोजित पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाने हेतु महाविद्यालय के विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान केंद्र दमोह में आयोजित 10 दिवसीय कार्यशाला/ प्रशिक्षण में सहभागिता, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के.जैन एवं ईको क्लब प्रभारी डॉ. मीरा माधुरी महंत के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। जिसके अंतर्गत आज जैविक खाद और खेती करने के विशेष प्रणाली या प्रक्रिया को विस्तृत रूप से छात्र - छात्राओं को समझाया गया तथा पंचामृत/पांचगव्य और जैविक खाद जैसे देशी खाद से अत्यधिक उत्पादन लाभ, उपयोगिता तथा महत्व पर प्रशिक्षण प्रदान किए गए। इस अवसर पर व्यावहारिक ज्ञान एवं कौशल विकास प्रदान किए जाने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र दमोह (प्रतिष्ठित संस्थान) के माध्यम से मेहता ऑर्गेनिक फॉर्मिंग दमोह के कर्मचारियों/सहयोगियों द्वारा फल एवं सब्जियों के संरक्षण जैसे उपयोगी एवं रोजगारोन्मुख विषयों पर प्रशिक्षण दिए गए । इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष श्रीमती वसुधा जे. मेहता से खास बातचीत हुई। जिसमें उन्होंने बताया कि समय समय पर कृषि विज्ञान केंद्र दमोह का भी दिशा निर्देश में उपलब्ध संसाधनों एवं विशेषज्ञों के द्वारा कार्यशाला/प्रशिक्षण दिया जाता रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. नंदराम सुमन (वनस्पति शास्त्र विभाग प्रमुख), जैविक कृषि के विषय विशेषज्ञ श्री राम कुरेरिया जी, अतिथि विद्वान श्री गौरीशरण पटेल एवं श्री मनीष पटेल की विशेष सहयोग व उपस्थिति रही तथा प्रशिक्षण में 45 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

## टंडन बगीचा में तीन दिवसीय होली महोत्सव धूमधाम से संपन्न



**दमोह।** शहर की प्रतिष्ठित बेस्ट कॉलोनी टंडन बगीचा में तीन दिवसीय होली महोत्सव 2026 परंपरा, आस्था और उत्साह के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। 2 मार्च को बच्चों, युवाओं व वरिष्ठ नागरिकों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं. जिन्होंने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया. सायंकाल वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक होलिका दहन किया गया। इसके पश्चात फूलों की होली खेली गई, जिसमें कॉलोनीवासियों ने एक-दूसरे पर पुष्पवर्षा कर प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। 3 मार्च को ग्रहण काल समाप्त होने के उपरांत भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का 11 बार श्रद्धापूर्वक पाठ किया. जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो उठा। 4 मार्च को प्रातः सामूहिक नाश्ते के बाद पारंपरिक ढंग से होली खेली गई तथा रात्रि में सामूहिक भोज का आयोजन हुआ। लगभग 25-26 परिवारों की सक्रिय सहभागिता से तीन दिनों तक चला यह भव्य महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## होली मिलन समारोह में फूलों की होली मनाकर दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश



**दमोह।** टाईम्स महाविद्यालय के सस्था संचालक डॉ. सुशील गुप्ता जी द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें शहर के वरिष्ठ नागरिक, समाजसेवी एवं लायंस क्लब के सदस्यों सहित टाईम्स महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। डायरेक्टर सर के द्वारा सभी अतिथियों का फूलों से स्वागत किया। समस्त स्टाफ एवं अतिथियों द्वारा फूल बरसाकर होली उत्सव का आनद लिया एवं सभी ने श्री राधाकृष्ण जी के भजनों पर नृत्य किया। संस्था द्वारा रासायनिक रंगों की बजाय हर्बल रंगो से होली मनाने हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के सस्था सचालक, मेनेजिंग डायरेक्टर द्वारा समस्त नगरवासियो को होली की शुभकामनाएं प्रेषित एवं होली के रंगों की तरह सभी के जीवन में भी खुशियों के रंग भरे रहे।

## आठवीं कक्षा के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

तेजगढ़ समीपी ग्राम देवरी लीलाधर की एकीकृत माध्यमिक शाला में कक्षा आठवीं के बच्चों का विदाई सम्मान समारोह में शिक्षकों के साथ छात्रों के द्वारा फूल माला पहनाकर एवं गिफ्ट देकर उनका सम्मान एवं विदाई की गई। स्कूली छात्राओं के द्वारा विदाई गीत की प्रस्तुति पर छात्र भावुक हो गये तथा विछुड़न की मुद्रा भरे भाव सभी के चेहरों पर स्पष्ट परिलक्षित दिखे। शाला प्रभारी मनोहर सिंह ने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन का सही सदुपयोग हमें जीवन भर आराम और संपन्नता प्रदान करता है तब हमारे जीवन की सार्थकता सिद्ध होती है और हमें मान सम्मान प्राप्त होता है। इस अवसर पर शिक्षकों के साथ बच्चों ने तिलक होली का भी आयोजन किया और एक दूसरे को तिलक लगाकर तिलक होली का संदेश दिया। विदाई समारोह में श्रीमती कल्पना लोधी, अंगद सिंह, मनोज रैकवार, मालती ठाकुर, पुष्पेंद्र अहिरवार सहित छात्रों की उपस्थिति रही।

## जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की होगी विशेषज्ञ द्वारा जॉच

**दमोह।**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 09 तारीख दिन सोमवार को सिविल अस्पताल हटा सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दमोह में स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा पूर्व से चिन्हित जोखिमयुक्त गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जॉच, परीक्षण एवं समुचित उपचार सेवाएँ प्रदान की जाएगी। जबकि जिला चिकित्सालय में 10 मार्च को स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा पूर्व से चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की विशेष स्वास्थ्य जांच की जायेगी। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चटर्जी ने आग्रह किया है कि जिन गर्भवती की अनुमानित प्रसव तिथी माह मार्च के दूसरे सप्ताह में है, जिन्हें पूर्व से जोखिम गर्भवती के रूप मे चिन्हित किया गया है-जैसे, गंभीर एनीमिया, मल्टी ग्रेविडा अथवा मल्टी पारा, गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्तचाप, पिछले प्रसव में जटिलता अथवा गर्भावस्था से जुडे.अन्य जोखिम संकेत, ऐसे सभी गर्भवती महिलाएँ नजदीकी स्वास्थ्य संस्था में पहुचकर स्त्री रोग विशेषज्ञ से अवश्य स्वास्थ्य जॉच कराएँ, ताकि सुरक्षित मातृत्व का लक्ष्य सुनिश्चित किया जा सके। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपस्वास्थ्य केन्द्र में भी विशेष स्वास्थ्य जांच-उपचार क्लीनिक आयोजित किए गए हैं, जहाँ चिकित्सकों व सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ उनके क्षेत्र अंतर्गत पंजीकृत सभी गर्भवती महिलाओं की जॉच एवं उपचार किया जाएगा। एएनएम और आशा कार्यकर्ता द्वारा क्षेत्र में शामिल सभी गर्भवती महिलाओं को विशेष स्वास्थ्य क्लीनिक में उपस्थित होने प्रेरित किया जाएगा, जिससे समय पर जॉच कर जटिलताओं से बचाव सुनिश्चित किया जा सके।

## अवैध शराब पकड़ने पर संगठन के कार्यकर्ताओं को मिली जान से मारने की धमकी, आरोपियों पर कार्रवाई की मांग





**पन्ना।** होली पर्व के अवसर पर जिले के हरदुआ खमरिया बस स्टैंड में अवैध शराब के खिलाफ की गई कार्रवाई के बाद नया विवाद सामने आया है। भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी शाखा जिला पन्ना के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि अवैध शराब पकड़ने से नाराज शराब माफिया ने संगठन के कार्यकर्ताओं को रास्ते में रोककर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

### पुलिस को सूचना देकर पकड़ी गई 4 पेटी अवैध शराब-

जानकारी के अनुसार दिनांक 04 मार्च 2026 को शाम लगभग 7 बजे होली पर्व को देखते हुए संगठन के कार्यकर्ता हरदुआ खमरिया बस स्टैंड, चौकी हरदुआ पटैल क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना देकर लगभग 4 पेटी अवैध शराब पकड़वाई, जिससे क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया।

### तीन जगह घेरकर दी गालियां और जान से मारने की धमकी-

संगठन का आरोप है कि अवैध शराब पकड़ने से नाराज शराब माफिया से जुड़े लोगों ने रास्ते में संगठन के दो कार्यकर्ताओं को तीन अलग-अलग स्थानों पर घेरकर रोक लिया और उन्हें गंदी-गंदी मां-बहन की गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। धार्मिक कार्यों को लेकर भी किए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग बताया गया कि आरोपियों ने संगठन के पूजा-पाठ, धार्मिक गतिविधियों और जनजागरण कार्यक्रमों को लेकर भी अपमानजनक एवं अशोभनीय शब्दों का प्रयोग किया, जिससे संगठन के कार्यकर्ता मानसिक रूप से आहत और भयभीत हैं।

### इन लोगों पर लगाए गए आरोप-

इस मामले में जिन लोगों के नाम सामने आए हैं, उनमें छंगे प्रजापति, धर्मेंद्र लोधी उर्फ धम्मा, युवराज ठाकुर, भोला राय और नीरज राय (सभी निवासी मड़वा) शामिल बताए जा रहे हैं।

### एसपी को सौंपा ज्ञापन, 7 दिन में कार्रवाई की मांग-

इस पूरे मामले को लेकर संगठन ने पुलिस अधीक्षक पन्ना को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने प्रशासन को 7 दिन के भीतर कार्रवाई करने की चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि समय पर न्याय नहीं मिला तो संगठन धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

## जमीनी विवाद में भाई-भतीजों ने लाठियों से पीटा

### होली के दिन घर पहुंचकर किया हमला, पिता-पुत्र घायल



**पन्ना।** कोतवाली थाना क्षेत्र के टिकुरिया मोहल्ला में जमीनी विवाद के चलते परिवार के ही लोगों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। होली के दिन छोटे भाई को उसके बड़े भाई के बेटे ने लाठियों व हाथ-पैरों से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित टिकुरिया मोहल्ला के पड़ा खाने के पास रहने वाले मुकेश कुमार सोनी (57 वर्ष) किराना दुकान का व्यवसाय करते हैं। बताया गया कि 4 मार्च की रात लगभग 10 बजे वह अपनी बाइक घर के अंदर रख रहे थे। इसी दौरान उनका भतीजा सोनू सोनी वहां पहुंचा और जमीनी विवाद को लेकर विवाद करने लगा। मुकेश सोनी ने उसे समझाते हुए कहा कि जमीन का मामला आपसी सहमति या न्यायालय के माध्यम से सुलझाया जाएगा। इस बात पर सोनू सोनी गाली-गलौज करने लगा। जब मुकेश ने गाली देने से मना किया तो उसने उनसे हाथापाई शुरू कर दी और लात-घूंसों से मारपीट करने लगा। इसी बीच अपने पिता को बचाने आए मुकेश के बेटे उज्ज्वल सोनी के साथ भी आरोपी ने मारपीट कर दी। इस घटना में मुकेश सोनी के सिर और गले में चोट आई, जबकि उज्ज्वल सोनी के दाएं गाल में छिलनदार चोट आई है। बताया गया है कि मारपीट के बाद आरोपी जाते समय जमीन के विवाद को जल्द निपटाने की धमकी देते हुए जान से मारने की धमकी भी देकर गया। पीड़ित मुकेश सोनी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी सोनू सोनी के खिलाफ धारा 296 (बी), 115(2), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

**खबर संक्षेप**

### मार्च में अवकाश दिवसों व शनिवार-रविवार भी खुलेंगे पंजीयन कार्यालय

**दमोह।** जिला पंजीयक ने बताया कि प्रदेश के जनसामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा उपलब्ध कराने तथा शासन के राजस्व को ध्यान में रखते हुए माह मार्च 2026 में विशेष व्यवस्था की गई है, उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था के अंतर्गत मार्च माह में पड़ने वाले सभी सार्वजनिक अवकाश दिवसों, प्रत्येक शनिवार और रविवार को भी प्रदेश के समस्त वरिष्ठ जिला पंजीयक, जिला पंजीयक तथा उप पंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे।

### विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन 15 मार्च को

**दमोह।** राज्य शासन के निर्देशानुसार गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 मार्च को दोपहर 01 बजे से ‘विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाना है। जिससे संबंधित कार्यक्रम का आयोजन उपभोक्ता फोरम के सामने पुरानी कलेक्ट्रेट दमोह प्रांगण में किया जायेगा। कार्यक्रम में संबंधित विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी कार्यों की जानकारी उपभोक्ताओं को दी जावेगी। जिला आपूर्ति अधिकारी ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वे 15 मार्च को दोपहर 01 बजे से पुरानी कलेक्ट्रेट दमोह में उपस्थित होकर उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित विषयों पर जानकारी प्राप्त करे ।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन 09 मार्च को

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही की जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (DLCC) एवं जिला स्तरीय समीक्षा (DLRC) दोनों बैठकों का आयोजन 09 मार्च को क्रमशः अपरान्ह 05 बजे, 06 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया जा रहा है। उक्त बैठक में सभी संबंधितो को समय-सीमा में उपस्थिति के लिए कहा गया है।

### गेहू पंजीयन अब 10 मार्च तक

**दमोह।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए रवि विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन की तारीख 07 मार्च 2026 मार्च से बढ़ाकर 10 मार्च कर दी गई हैं। उन्होंने किसान भाइयों से अपील करते हुए कहा निर्धारित समय में अपना गेहूं विक्रय का पंजीयन करा लिया जाए।

### चाकू बाजी की घटनाओं का बढ़ रहा सिलसिला

# परीक्षा देकर लौट रहे छात्र पर चाकू से हमला, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



नगर तथा आसपास के क्षेत्र में आए दिन होने वाली चाकू बाजी की घटनाओं के बाद भले ही पुलिस कार्रवाई की बात सामने आती रही हो लेकिन आज परीक्षा देकर लौट रहे एक छात्रा के साथ हुई चाकू बाजी की घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। वही गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए घायल छात्र को नहीं बचाया जा सका।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को हाई स्कूल परीक्षा का पेपर देकर लौट रहे इमलाई निवासी छात्र ऋषि पिता कमलेश अहिरवार उम्र करीब 14 वर्ष ओजस्विनी संस्थान के बाहर चाकू बाजी का शिकार हो गया था। मलैया मील क्षेत्र में हुई चाकू बाजी कि इस घटना से हड़कंप के साथ दहशत का माहौल बनते देर नहीं लगी थी। घायल छात्र को कुछ भी देर बाद इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था जहां हालत गंभीर होने पर आईसीयू में भरती करके इलाज किया जा रहा था। इधर घटना की जानकारी लगते ही सीएसपी एचआर पांडे, टीआई कोतवाली मनीष कुमार, देहात थाना प्रभारी अमित गौतम आदि पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे वहीं बाद में इन सभी ने जिला अस्पताल पहुंचकर घटना के संदर्भ में जानकारी ली थी। चाकू बाजी की इस घटना की वजह जहां सामने नहीं आ सकी थी वहीं आरोपी के बारे में भी कुछ भी स्पष्ट नहीं हो सका था।

इधर इलाज के दौरान दोपहर में घायल छात्र ऋषि अहिरवार की सांसे थम गई। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों के सुपुर्द करते हुए मामला दर्ज करके जल्द आरोपी की गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया। उपरोक्त दुखद दर्दनाक घटना क्रम से अहिरवार परिवार सहित पूरे इमलाई क्षेत्र में गमगीन माहौल बना हुआ है। इधर घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरो में उक्त घटना रिकॉर्ड होने तथा चाकू मारने वाले का का पता लगने की संभावना जताई जा रही है। होली अवकाश के बाद हुए हाई स्कूल परीक्षा के पेपर के बाद हुये इस दुखद घटनाक्रम ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। प्रथम दृश्रट्या जा अंदाजा लगाया जा रहा है कि किसी मामूली बात पर से छात्रों के बीच विवाद हुआ होगा जिसकी परिणीति में चाकू बाजी की यह घटना इतनी घातक साबित होगी या किसी को अनुमान भी नहीं रहा होगा।

### परीक्षा देकर छात्रा के घर नहीं लौटने पर परिजन परेशान

दमोह में हाई स्कूल परीक्षा के दौरान शुक्रवार को पेपर देने के लिए गई एक छात्रा के परीक्षा समाप्त होने के कई घंटे बाद भी घर वापस नहीं लौटने का मामला सामने आया है। परेशान परिजनों द्वारा कोतवाली पुलिस को लापता छात्रा के संदर्भ में जानकारी दी गई। बताया जा रहा है कि फुटेरा वार्ड स्थित केशव राम पांडे स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा दसवीं की छात्रा का परीक्षा केंद्र जैन हाई स्कूल था। जहा वह पेपर देने पहुंची थी। लेकिन पेपर समाप्त होने के बाद वह घर नहीं पहुंची। आसपास के सीसीटीवी कैमरो की मदद से छात्रा की पताशाजी के प्रयास किया जा रहे हैं।

# बंदर कोला के ग्रामवासियों ने जनपद पंचायत मुख्यालय पर किया धरना प्रदर्शन

**ग्राम वासी लंबे समय से कर रहे हैं सड़क की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा





नगर जबेरा की नजदीकी ग्राम पंचायत हरदुआ सड़क के ग्राम बंदर कोला के ग्रामवासी लंबे समय से अपने ग्राम के लिए सड़क की मांग करती आ रही हैं काफी समय व्यतीत हो जाने की बाद भी जब ग्राम वासियों की मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया गया तो मजबूरन आज ग्राम वासियों को जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह के साथ गांव में सड़क की मांग को लेकर जनपद पंचायत कार्यालय जबेरा पहुंचे एवं जनपद पंचायत कार्यालय के सामने किया धरना प्रदर्शन। ग्राम वासियों ने बताया कि हमारे गांव बंदर कोला में कोई भी चार पहिया वाहन नहीं जा पता है जो पहाड़ी वाला मार्ग था वन विभाग ने उसकी फेंसिंग कर दी है। इस कारण से अगर कोई भी गांव का व्यक्ति बीमार हो जाता है कोई भी गर्भवती महिला होती है तो उसे चारपाई पर ले जाकर मुख्य सड़क तक जाना पड़ता है बरसात में बच्चे भी स्कूल नहीं जा पाते हैं। कोई जरूरी सामान अथवा अनाज ले जाना पड़ता है या लाना पड़ता है तो सिर पर रख कर लाना ले जाना पड़ता है। कोई भी वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाता है। कई बार ग्राम वासियों ने कलेक्टर महोदय ,मंत्री महोदय से मांग ,कर चुके हैं ज्ञापन दे चुके हैं लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। इसलिए आज मजबूरन ग्रामवासी सहित जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह जनपद पंचायत कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। जबेरा जनपद पंचायत सीईओ डॉ आर पी पटेल ने आश्वासन दिया कि किसी भी तरह से आपकी सड़क बनवा दी जाएगी। वन विभाग को एनओसी के लिए पत्र भेज दिया है। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने कहा कि अगर एक माह तक सड़क का निर्माण शुरू नहीं होगा तो बड़ी संख्या में ग्राम वासियों के साथ जनपद पंचायत जबेरा का घेराव किया जाएगा । इस अवसर पर मुन्ना सिंह मरावी, हाकम सिंह ,साहब सिंह, देव सिंह ,सरस्वती बाई, फूलबाई, सोमवती ,सहित बड़ी संख्या में ग्राम के महिला पुरुषों की उपस्थित रही।

# पीएसीएस को दवा लाइसेंस देने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध, जन स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं

**दमोह।** देशभर के दवा विक्रेताओं के संगठन ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) ने प्राथमिक कृषि साख समितियों (पीएसीएस) को दवाओं के लाइसेंस देने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध जताया है। संगठन ने इसे जनस्वास्थ्य, रोगी सुरक्षा और देश की औषधि नियंत्रण व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बताया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. एस. शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने कहा कि दवाएं जीवनरक्षक उत्पाद हैं और इन्हें कृषि रसायनों के समान नहीं माना जा सकता। दवाओं का वितरण केवल प्रशिक्षित और पंजीकृत औषधि विशेषज्ञ (फार्मासिस्ट) की निगरानी में ही होना चाहिए। किसी भी प्रकार की ढिलाई जनस्वास्थ्य के लिए जोखिम भरी स्थिति पैदा कर सकती है। संगठन के अनुसार औषधि एवं प्रसाधन नियम 1945 के नियम 62ए और 62बी मूल रूप से केवल विशेष परिस्थितियों के लिए बनाए गए थे। वर्तमान समय में देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में लाइसेंस प्राप्त मेडिकल स्टोर और पंजीकृत फार्मासिस्ट उपलब्ध हैं। ऐसे में बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित दवा लाइसेंस जारी करना न तो आवश्यक है और न ही उचित। एआईओसीडी का कहना है कि पीएसीएस संस्थाएं मुख्य रूप से उर्वरक, कीटनाशक और अन्य कृषि रसायनों के व्यापार से जुड़ी होती हैं। ऐसे स्थानों पर दवाओं का भंडारण करने से रसायनों और दवाओं के आपस में मिल जाने तथा अनुचित तरीके से रखने का खतरा बढ़ सकता है, जो सीधे तौर पर रोगी सुरक्षा से जुड़ा हुआ विषय है। संगठन ने यह भी चेतावनी दी कि यदि बिना प्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा दवाओं का वितरण किया गया तो एंटीबायोटिक दवाओं का दुरुपयोग बढ़ सकता है, जिससे दवाओं के असर कम होने जैसी गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। इस संबंध में जिला औषधि विक्रेता संघ दमोह के अध्यक्ष राजेंद्र सिंघई ने भी एआईओसीडी के निर्णय का समर्थन करते हुए कहा कि दवाओं का व्यापार अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है और इसमें प्रशिक्षित फार्मासिस्ट की भूमिका अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सरकार को जनहित को ध्यान में रखते हुए इस प्रस्ताव पर पुनर्विचार करना चाहिए। एआईओसीडी ने केंद्र सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से मांग की है कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए इस प्रस्ताव को तत्काल निरस्त किया जाए और औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम 1940 की मूल भावना के अनुसार दवा वितरण व्यवस्था को सुरक्षित रखा जाए। संगठन का कहना है कि वह देश के 12 लाख से अधिक औषधि विक्रेताओं का प्रतिनिधित्व करता है, जो दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों तक सुरक्षित और नियमों के अनुसार दवा सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

# फिट इंडिया वूमेन्स वीक का आयोजन




**दमोह।** माधवराव सप्रे शासकीय महाविद्यालय पथरिया में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में ''फिट इंडिया वूमेन्स वीक -2026'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. विनय वर्मा के मार्गदर्शन में डॉ. गजेन्द्र नामदेव एवं अतिथियों द्वारा मां सरस्वती पूजन एवं उद्घाटन उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित एसडीओपी पथरिया थाना सुश्री प्रिया सिंधी द्वारा सेफ्टी अवेयरनेस, प्रमुख हेल्पलाइन नंबर, साइबर सुरक्षा एवं आपातकालीन परिस्थितियों से संबंधित जानकारी छात्र-छात्राओं को अपने उद्बोधन में दी। महाविद्यालय की छात्रा कु. गीता पटेल द्वारा सेल्फ डिफेन्स डेमोस्ट्रेशन का प्रदर्शन किया गया। एडव्होकेट जितेन्द्र कुमार दुबे द्वारा महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान की। योग प्रशिक्षक सुदेश चैरसिया द्वारा योग के प्रमुख क्रियाओं की जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई। विजय कुमार तिवारी द्वारा योग विषय पर व्याख्यान दिया गया। इसके साथ-साथ 15 दिवसीय योग एवं आत्मरक्षा शिविर का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की रुपरेखा क्रीड़ा अधिकारी सत्यनारायण लड़यि द्वारा प्रस्तुत की गई एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीओम सोनी द्वारा किया गया एवं आभार डॉ. खुदैजा परवीन अंसारी द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## टाईम्स कॉलेज ऑफ फार्मेसी में मनाया फार्मेसी एजुकेशन दिवस



भारत में फार्मेसी के जनक प्रो. एम.एल श्रॉफ की जयंती के अवसर पर टाईम्स कॉलेज ऑफ फारमेसी द्वारा 6 मार्च फार्मेसी एजुकेशन दिवस मनाया गया । प्रो. एम. एल श्रॉफ ने सन 1930 में बनारस हिन्दु विश्व विद्यालय से फार्मेसी शिक्षा की बुरुआत की थी जिसमें डी. फार्मा, बी. फार्मा एवं एम. फार्मा शामिल है। उनके इस महत्वपूर्ण योगदान को स्मरण करते हुए प्रो.एम.एल श्रॉफ जी के छाया चित्र पर माल्यापर्ण कर उन्हें नमन किया व फार्मेसी एजुकेशन दिवस उत्साह पूर्वक मनाया। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर डॉ सुषील गुप्ता एवं मैनेजिंग डायरेक्टर प्रियांष गुप्ता एवं समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# क्रोध से विनाश, भक्ति से मोक्ष

## भागवत कथा में सुनाया गया परीक्षित प्रसंग

**बनवार।** ग्राम रियाना में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में इन दिनों भक्ति और श्रद्धा का विशेष वातावरण बना हुआ है। कथा व्यास जागेश्वर कृष्ण शास्त्री द्वारा भक्तिमय वाणी में कथा का रसपान कराया जा रहा है, जिसे सुनने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंच रहे हैं। कथा के दौरान शास्त्री जी ने महाराज परीक्षित का प्रेरणादायक प्रसंग सुनाते हुए बताया कि वे अभिमन्यु और उत्तरा के पुत्र थे। जब वे अपनी माता के गर्भ में थे, तब भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रह्मास्त्र से उनकी रक्षा कर उन्हें जीवनदान दिया था। राजा बनने के बाद महाराज परीक्षित ने धर्म, न्याय और सदाचार के साथ राज्य का संचालन किया। उन्होंने बताया कि एक बार जंगल में प्यास लगने पर महाराज परीक्षित शमीक ऋषि के आश्रम पहुंचे, लेकिन उस समय ऋषि गहरे ध्यान में लीन थे। स्वयं की उपेक्षा समझकर राजा ने क्रोधवश उनके गले में मृत सर्प डाल दिया। जब यह घटना ऋषि के पुत्र श्रृंगी ऋषि को पता चली तो उन्होंने श्राप दिया कि सातवें दिन तक्षक नाग के डंसने से महाराज परीक्षित की मृत्यु होगी। कथा व्यास ने बताया कि श्राप मिलने के बाद महाराज परीक्षित ने राजपाट और सांसारिक मोह त्यागकर गंगा नदी के तट पर भगवान की भक्ति का मार्ग अपनाया। वहीं महान संत शुकदेव जी ने उन्हें सात दिनों तक श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा सुनाई, जिससे उन्हें आत्मज्ञान और मोक्ष की प्राप्ति हुई। शास्त्री जी ने कहा कि यह प्रसंग मनुष्य को यह शिक्षा देता है कि क्रोध से विनाश और भक्ति से मोक्ष का मार्ग प्राप्त होता है। इसलिए जीवन में सदैव संयम, धर्म और भगवान की भक्ति का मार्ग अपनाना चाहिए। इस अवसर पर मनु मिश्रा, पंडित मोहित कृष्ण शास्त्री, बटुक बालक दास, प्रमोद नायक, सरदार सिंह, जयपाल सिंह, बसंत सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



**नगर में सभा स्थल चयन के लिए किया निरीक्षण....**

# हटा में मुख्यमंत्री के संभावित दौरे की तैयारियों हेतु कलेक्टर एसपी ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 11 मार्च को हटा में संभावित आगमन को लेकर शुक्रवार को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने हटा पहुंचकर जनपद पंचायत के सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों और व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई इसके उपरांत कलेक्टर एसपी ने नगर में प्रमुख स्थलों का निरीक्षण भी किया, जिसमें हेलिपैड और सभा स्थल के लिए उपयुक्त स्थानों को चिन्हित किया।

### निरीक्षण स्थलों की सूची

मॉडल स्कूल ग्राउंड नवोदय ग्राउंड चौरसिया डामल प्लांट सोसायटी मैदान गौरीशंकर मैदान विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक और उनके परिवार ने चौरसिया प्लांट पर ही सीएम की बैठक आयोजित करने की सिफारिश की। अधिकारियों ने सभी संभावित स्थलों की रिपोर्ट तैयार कर भोपाल भेजने और अनुमति मिलने पर स्थल तय करने की बात कही।

### कलेक्टर ने बैठक में दिए गए निर्देश

ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए ओआरएस पावडर तैयार रखने के निर्देश। ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित करने की योजना। नगर के प्रमुख स्थलों पर पेयजल प्याऊ खोलने और आयोजन स्थल पर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश। हेलिपैड निर्माण और बैरिकेडिंग के लिए आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था। प्लास्टिक की बोतल और पाउच पर सख्त रोक, प्याऊ में तांबे के बर्तनों का उपयोग। बिजली विभाग को अनवरत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश। जिला परिवहन अधिकारी को बस और अन्य वाहनों की व्यवस्था करने के निर्देश। सभी विभागों को एसडीएम राकेश सिंह मरकाम के साथ समन्वय कर 11 मार्च से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक, एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी,एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपागरे, एसडीएम राकेश मरकाम तहसीलदार आलोक जैन वन परिक्षेत्र अधिकारी ऋषि तिवारी बीएमओ उमाशंकर पटेल हटा टीआई सुधीर बेगी सहित और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### विश्व श्रवण दिवस में 82 मरीजों की हुई जांच

दमोह। विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल दमोह में निःशुल्क श्रवण जांच शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. सुधीर आर्य ने बताया कि शिविर में 37 कम सुनाई देने की समस्या वाले, 14 कान की सफाई कराने, 06 कान का पर्दा फटा होने 03 जन्मजात गूगे बेहरे बच्चे, 10 कान के बहने वाले बच्चों, 09 अन्य समस्या को लेकर जांच कराने जिला अस्पताल पहुचे। शिविर में मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल व संदीप पटैल ऑडियोलाजिस्ट व डीईआईसी स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

### मदिरा दुकानों के लिए ई-टेंडर प्रक्रिया 6 से 7 मार्च तक

दमोह। आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए मदिरा दुकानों के निष्पादन संबंधी जारी निर्देशों एवं 20 फरवरी 2026 को प्रकाशित मध्यप्रदेश शासन राजपत्र के अनुक्रम में प्रथम चरण बैच-3 के अंतर्गत मदिरा दुकानों के निष्पादन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस चरण में शामिल कुल 5 मदिरा समूहों की दुकानों का निष्पादन ई-टेंडर तथा ई-टेंडर कम ऑक्शन के माध्यम से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि ई-टेंडर (ई-टेंडर एवं ई-टेंडर कम ऑक्शन) के लिए ऑनलाइन टेंडर प्रपत्र डाउनलोड करने और ऑफर सबमिट करने की प्रक्रिया 6 मार्च 2026 को सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर 7 मार्च 2026 को दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि ई-टेंडर कम ऑक्शन के प्रपत्र 7 मार्च को दोपहर 2.05 बजे से खोले जाएंगे।

# सागर–जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर बंदरों की जान पर बनता खतरा



**तेंदूखेड़ा।** सागर–जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर तेंदूखेड़ा से झलौन मार्ग के बीच स्थित नागबाबा के समीप इन दिनों सड़क किनारे बंदरों के झुंडों की मौजूदगी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। तेंदूखेड़ा मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर इस क्षेत्र में प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में बंदर सड़क के दोनों ओर बैठे रहते हैं। यात्रियों और वाहन चालकों की अनजाने में की जा रही लापरवाही इन वन्यजीवों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। दरअसल, हाईवे से गुजरने वाले कई वाहन चालक और राहगीर बंदरों को चना, नमकीन, फल और अन्य खाद्य सामग्री सड़क पर फेंक देते हैं। भोजन के लालच में बंदर जंगल से निकलकर सीधे सड़क पर आ जाते हैं और सड़क पर बिखरी खाद्य सामग्री खाने लगते हैं। इसी दौरान हाईवे पर तेज गति से गुजरने वाले वाहन उनकी चपेट में आ जाते हैं। परिणामस्वरूप आए दिन बंदरों के घायल होने और कई बार भारी वाहनों से कुचलकर उनकी मौत होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसे हादसे तेंदूखेड़ा से बगदरी के बीच अक्सर होते हैं। कई बार बंदरों की अचानक सड़क पर चहलकदमी के कारण दोपहिया वाहन चालक भी दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। इसके अलावा कई लोग खाद्य सामग्री पॉलीथिन में भरकर सड़क किनारे फेंक देते हैं, जिससे बंदर और अन्य वन्यजीव भोजन के साथ पॉलीथिन भी निगल लेते हैं। इससे उनकी सेहत पर गंभीर असर पड़ता है और कई बार असमय मौत तक हो जाती है। साथ ही जंगलों में पॉलीथिन का बढ़ता कचरा पर्यावरण प्रदूषण का कारण बन रहा है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए पर्यावरण प्रेमियों ने चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि सिमटते जंगलों के बीच वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए वन विभाग को विशेष पहल करनी चाहिए। हाईवे के इस संवेदनशील क्षेत्र में बड़े-बड़े चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं, जिनमें यात्रियों को वन्यजीवों को भोजन न देने तथा पॉलीथिन में खाद्य सामग्री न फेंकने के लिए जागरूक किया जाए।

**यात्रियों से सतर्कता की अपील**